**ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ**
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು–560003.

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD**
Malleshwaram, Bengaluru – 560003.

**2021-22 ಸಾಲಿನ ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ**
**2021-22 MODEL QUESTION PAPER**

| | |
|---|---|
| **ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ – ಹಿಂದಿ** | **ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 06-H** |
| **Subject : FIRST LANGUAGE HINDI** | **Subject Code : 06-H** |
| **ಅವಧಿ : 3 ಗಂಟೆ 15 ನಿಮಿಷ** | **ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100** |
| **Time : 3 hrs. 15 minutes** | **Max. Marks : 100** |

**ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗಳಿಗೆ**
**Regular Fresh**

---

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1) इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर- वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 45 प्रश्न है।

2) यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है। परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दायें भाग को काटकर खोलें तथा जांच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं।

3) सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

4) प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।

5) प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है।

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 6 x 1 = 6**

1. **स्वतंत्र शब्द का विलोम शब्द है –**

   A. गणतंत्र B. तंत्र

   C. परतंत्र D. आजाद।

2. **विधवा शब्द का अन्य लिंग है –**

   A. विधा B. विधि

   C. विधाएँ D. विधुर।

3. **बहस शब्द का बहुवचन है –**

   A. बहसें B. बहसों

   C. चर्चा D. बरसों।

4. **निम्नलिखित शब्दों में यह प्रेरणार्थक क्रिया है –**

   A. नाच B. नचवाना

   C. गीत D. नृत्य।

5. **निम्नलिखित शब्दों में रास्ता शब्द का पर्यायवाची शब्द है –**

   A. रात B. बात

   C. मार्ग D. दिशा।

6. **निम्नलिखित में से प्रत्यय युक्त शब्द है –**

   A. महाजन B. पढ़ाई

   C. अगोचर D. स्वागत।

**II. प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए।** **4 x 1 = 4**

7. परमात्मा : दीर्घ संधि :: गणेश : ........................
8. भाई – बहन : द्वन्द्व समास :: दोपहर : ...........................
9. उषा हिन्दी पढ़ती है : वर्तमान काल :: उषा हिन्दी पढ़ेगी : ..............................
10. जो कविता लिखता है : कवि :: जो गीत गाता है : ................................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए।** **7 x 1 = 7**

11. गांधीजी का पूरा नाम क्या था?
12. तावीज़ किनकी भुजाओं पर बाँधे गये?
13. सिपाही सराय में क्यों आया था?
14. मन्नू भंडारी बचपन में कैसी थी?
15. मजहब क्या नहीं सिखाता?
16. भ्रमर गुलाब के मूल में ही क्यों रुका रहता है?
17. जीवन में सफलता का मार्ग कौन सा है?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्य में लिखिए।** **10 x 2 = 20**

18. पुराने रूसी साहित्य में लेखक ने क्या पढ़ा था?
19. पारिवारिक वातावरण का वेंकटराव पर क्या प्रभाव पड़ा?
20. तावीज कैसे बनाया गया?
21. अंबालालजी ने मन्नूजी की तारीफ कैसी की?
22. सामाजिक कुरीतियों को किस तरह मिटाना चाहिए?
23. बिहारी जपमाला, तिलक आदि को बेकार क्यों समझते हैं?
24. नेपोलियन और उसकी बहन के चरित्र में क्या अंतर था?
25. परिश्रम करने वाले क्या-क्या कर सकते हैं?
26. माँ ने नेपोलियन से क्या कहा है?
27. ज्योतिषी ने नेपोलियन से क्या कहा?

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए। 2 x 3 = 6**

28. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

29. पांडेय बेचन शर्मा उग्र

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए। 1 x 3 = 3**

30. जो रहीम मन हाथ है, तो तन कहु बिन जाहि।

**VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताए। 1 x 3 = 3**

31. चारु चंद्र की चंचल किरणें
खेल रही थी जल थल में।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 4 x 3 = 12**

32. ''पर जहांगीरी अण्डा है क्या?''

33. ''मर अभागे, तू मुझे और क्या क्या दिखाएगा?''

34. ''उसे देखा नहीं जा सकता, अनुभव किया जा सकता है।''

35. ''इतने तुम धनी हो, तो मुझे थोड़ा प्यार दोगे उधार' जिसे मैं सौगुने सूद के साथ लौटाऊँगा।''

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार – पाँच वाक्यों में लिखिए। 3 x 3 = 9**

36. गांधीजी द्वारा चलाए गये आंदोलनों में सत्याग्रह का महत्व समझाइए?

37. शुक्ल जी और उनके मित्र ने एक दूसरे पर क्या व्यंग्य किया? बताइए।

38. 'सारे जहाँ से अच्छा' कविता का आशय क्या है?

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए।** **1 x 4 = 4**

39. जग में सुख ....................................................

.......................................................................

.......................................................................

............................................. को गले लगाना।

**अथवा**

पैदा कर जिस ...................................................

........................................................................

........................................................................

................................................ स्वजीवन सारा।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए।** **1 x 4 = 4**

40. अज्ञानियों से स्नेह करना
मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है।
ज्ञानियों का संग करना,
मानो दही मथकर माखन पाना है
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
तुम्हारे भक्तों का संग करना
मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है।

**अथवा**

भूख लगी तो गांव में भिक्षान्न है,
प्यास लगी तो तालाब-कुएँ हैं,
शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,
सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
मेरा आत्म-सखा तू ही है।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ – दस वाक्यों में लिखिए।** **2 x 4 = 8**

41. कर्नाटक एकीकरण के बारे में अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटरावजी ने क्या–क्या किया?

**अथवा**

वेंकटराव के जीवन में नया मोड़ कैसे आया?

42. लेखक की राय में 'सच्चा धर्म का' अर्थ समझाइए।

**अथवा**

पुरुषोत्तम के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **2 x 2 = 4**

43. 'नेताजी' के नाम से प्रसिद्ध देशभक्त सुभाषजी सन् 1919 में जब वे एम.ए. कर रहे थे, तभी इंग्लैंड जाकर उन्होंने इंडियन सिविल सर्विस की परीक्षा पास की। अब उनके सामने प्रश्न खड़ा हुआ कि अंग्रेज सरकार का सेवक बनकर पैसा – पद, सम्मान प्राप्त करें या भारत माता का सेवक बनकर आजादी की लड़ाई लड़ें? प्रसिद्ध देशभक्त चित्तरंजनदास से उन्होंने सलाह माँगी। चित्तरंजनदास ने लिखा कि भारत की आजादी के लिए काम करनेवालों की कमी है, काफी काम करना है। सिविल सर्विस का मोह त्याग कर, इंग्लैंड छोड़कर सुभाषचन्द्र सन् 1929 में मुंबई आ गए।

    a) इंग्लैंड से लौटने पर नेताजी के सामने कैसे प्रश्न खड़े हुए?

    b) चित्तरंजनदासजी ने नेताजी को क्या सुझाव दिया?

**XIV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय के बारे में पत्र लिखिए।** **1 x 5 = 5**

44. बड़ी बहन की शादी में भाग लेने हेतु चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपनी पढ़ाई की जानकारी देते हुए पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर बारह–पन्द्रह वाक्यों में निबंध लिखिए।** **1 x 5 = 5**

45. i) आदर्श विद्यार्थी

    ii) स्वच्छता अभियान